दैनिक जागरण, 07 नवम्बर 2019 (महाराजगंज)

उद्योग लगाकर उद्यमी बढ़ाएं आय : डीएम

आनलाइन हुईं 20 सरकारी विभागों की 118 सेवाएं, निवेश मित्र पोर्टल को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण

जागरण संवाददाता, महराजगंजः सदर तहसील सभागार में निवेश मित्र पोर्टल को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार ने कहा कि उद्यमी उद्योग लगाएं और आए कमाएं। जनपद में खाद्य एवं फल संस्करण एवं लकड़ी पर आधारित उद्योगों के विकास की अपार संभावनाएं हैं तथा इस पोर्टल के विकसित होने से उद्यमियों को उद्योग स्थापना में अत्यधिक सहूलियत मिलेगी।

प्रशिक्षण को संबोधित करते डीएम डा.उज्ज्वल कुमार ● जागरण

प्रशिक्षण में परामर्शदाता उद्योग बंधु लखनऊ अमिताभ बनर्जी ने कहा कि उद्यमियों के विभिन्न विभागों से आनलाइन स्वीकृति, अनापत्ति, अनुमति प्रदान करने के उद्देश्य से उप्र. सरकार द्वारा निवेश मित्र पोर्टल विकसित किया है। इस पोर्टल से 20 सरकारी विभागों की 118 सेवाएं जोड़ी गई है, जिसकी प्रक्रिया पूरी तरह आनलाइन है। अब उद्यमियों को आवेदन भरने से लेकर अंतिम अनापत्ति, स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिए विभागों में नहीं दौड़ना पड़ेगा।

विनय मौर्य ने कहा कि इस व्यवस्था से एकमुश्त निर्धारित शुल्क भी जमा करने की सुविधा दी गई है तथा निश्चित समय सीमा के अंतर्गत जनहित गारंटी अधिनियम के अंतर्गत कवर की गई है। इसमें आपत्ति, परीक्षण आनलाइन माध्यम से किया जाता है।

इस अवसर पर एडीएम कुंज बिहारी अग्रवाल, उपायुक्त जिला उद्योग गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता विद्युत हरिशंकर, बाल्मीकि त्रिपाठी सहायक महानिरीक्षक स्टांप एवं पंजीयन, जितेंद्र कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी, आबकारी अधिकारी, बाटमाप विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन विभाग, वन विभाग, खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन के अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे बर्खास्त शिक्षक

जागरण संवाददाता, महराजगंज : बुधवार को जवाहर लाल नेहरू स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में आयोजित बर्खास्त प्राथमिक शिक्षकों की बैठक में न्याय पाने के लिए याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया गया। जिला महामंत्री धर्मराज गौतम ने कहा कि महराजगंज, गोरखपुर, बहराइच, बस्ती तथा बुलंदपुर के लगभग 104 शिक्षकों का भविष्य अधर में है। शिक्षकों को न्याय पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करना आवश्यक है। इसके बिना शिक्षकों की सुनवाई होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को आगे बढ़ाने के लिए पीजी कालेज मैदान में दस नवंबर को बैठक की जाएगी। बैठक में प्रद्युम्न पटेल, कन्हैया लाल, धर्मराज गौतम, शब्बीर अली, रामनयन, राजेश, सुरेश चंद, प्रमोद सिंह, परीखन प्रसाद, बीरबल प्रसाद, प्रेमसागर आदि उपस्थित रहे।